## एक नजर में



### 7 को कलशाभिषेक के साथ होगी पूर्णाहुति

**उज्जैन।** पर्वाधीराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर दशलक्षण पूजन मंडल जयसिंहपुरा के तत्वावधान में श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जयसिंहपुरा पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशलक्षण धर्म नित्य पूजन का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष अरविंद जैन ने बताया कि पंचमी 28 अगस्त से प्रारम्भ पर्यूषण पर्व पर दशलक्षण की नित्य पूजन की जा रही है।इसमें उत्तम क्षमा, मार्धव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रह्मचर्य की प्रतिदिन आराधना की जाती है। मंडल के इस पूजन कार्य में युवा वर्ग का विशेष लगाव बढ़ रहा है युवा वर्ग को धर्म से जोड़ने की कड़ी सिद्ध हो रहा है।अल सुबह से धर्मावलंबी जिन प्रतिमा प्रक्षालन एवं जिनेंद्र देव की पूजा अर्चना में पूर्ण मनोयोग से जुड़ जाते हैं।प्रतिदिन पूजन के अंत में शांति पाठ के साथ राष्ट्र, जनता, राजा, प्रजा की खुशी, अच्छी वर्षा फसल व धन-धान्य की कामना के साथ महाअर्ध चढ़ाकर पूर्ण की जाती है। पूजन कार्य विशेष रूप से पवन कासलीवाल एवं डॉ. सीके कासलीवाल के सानिध्य में किया जा रहा है।पूजन के इस आयोजन में अरविंद टोंग्या, प्रदीप झांझरी, धर्मेंद्र झांझरी, दिलीप सोगानी, पुष्पेंद्र बोहरा, दिलीप कासलीवाल, राहुल सोगानी, रज्जू कासलीवाल, सुनील कासलीवाल, संजय कासलीवाल, पंकज बडजात्या, प्रदीप जैन, भरत शाह विकाश शाह, आशीष कासलीवाल, प्रसन्न कासलीवाल, विपिन कासलीवाल, बॉबी गंगवाल, डॉ हर्ष कासलीवाल, मनीष सेठी, सौरभ कासलीवाल, महावीर अजमेरा का विशेष सहयोग प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है।दस लक्षण पूजन मंडल के तत्वाधान में आयोजित इस पूजन की पूर्णाहुति पूर्णिमा 7 सितंबर को जिनेंद्र देव के कालशाभिषेक के साथ होगी। अध्यक्ष अरविंद जैन ने बताया कि जयसिंह पुरा स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्राचीनतम अतिशय क्षेत्र है। यहां कई बार चमत्कारी घटना होती रहती है समस्त उज्जैन दिगंबर जैन समाज का यह विशेष आस्था का केंद्र है।

### 7 सितंबर तक मनेगा पोषण आहार सप्ताह

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि जिले में पोषण संबंधी जनजागृति प्रदान करने के लिये आगामी 7 सितम्बर तक पोषण आहार सप्ताह मनाया जाएगा। पोषण सप्ताह को मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों के विभिन्न आहार और पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान करना, उनका समाधान एवं नियंत्रण करने के लिये उचित तकनीक का पता लगाना, विभिन्न अभियानों और उन्मुखीकरण कार्यक्रमों के माध्यमों से लोगो में जागरूकता पैदा करना, लोगों को विभिन्न खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता की जानकारी प्रदान करना, स्वस्थ खान-पान आदतों को विकसित करना एवं पर्याप्त शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इस दौरान पोषण संबंधी जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है। साथ ही अच्छे स्वास्थ्य के लिये पोषण का क्या महत्व है, यह समझाया जाता है। जानकारी देने के लिये कार्यशाला व सेमिनार, स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने हेतु ग्रुप डिस्कशन आदि का आयोजन भी किया जाता है।संतुलित पोषण आहार, नियमित शारीरिक सक्रियता उत्तम स्वास्थ्य की आधारशिला है। आहार में पोषक तत्वों की कमी से शारीरिक, मानसिक विकास प्रभावित होता है एवं स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। खराब पोषण के कारण प्रतिरक्षण क्षमता कमजोर हो जाती है व रोगों की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर पोषण द्वारा शिशु बाल और मातृ स्वास्थ्य, मजबूत प्रतिरक्षण प्रणाली, सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव, असंचारी रोगों जैसे- मधुमेह, हृदयरोग के कम जौखिम और लम्बी आयु का गहरा संबंध है। पोषण के लिये सुझाव- नियमित अंतराल पर आहार लें।प्रोटिन, कार्बोहाईड्रेट, वसा, खनिज, विटामिन, फायबर युक्त आहार ग्रहण करें। मौसमी फल, सब्जियों, अनाज, दाले, अपने भोजन में शामिल करें। खाना पकाते समय स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखें।जंक फूड, फास्ट फूड न खायें।हमेशा आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें।

### मेजर ध्यानचंद जी जयंती मनाई

**उज्जैन।** भारत शासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्व. राजमाता विजयराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर नानाखेड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया थे और बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी श्री पवन बारिया और दोणाचार्य आवार्डी योगेश मालवीय शामिल हुए।सांसद के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड द्वारा बताया गया कि भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार गत दिनों 3 दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रथम दिवस कार्यक्रम में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का एवं हांकी मैच का आयोजन किया गया।द्वितीय दिवस एनआईएस प्रशिक्षकों द्वारा डाइट एवं फिटनेस की जानकारी खिलाड़ियों को दी गई और तृतीय दिवस सायकल पोलों एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में सायकल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्रोणाचार्य अवार्डी मालवीय का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजेश जोशी, एमपी झा, सतीश मेहता, हरीश राजौरा, विभागीय प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं शहर के कई खेल प्रेमी आदि सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल बंबोरिया ने किया।

### कृषि सखियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयती सिंह के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग, मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं आत्मा परियोजना के समन्वय से स्व सहायता समूह से जुड़ी एवं उनके परिवार की महिलाओं को कृषि सखी कार्य हेतु 5 दिवसीय प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की उपस्थिति में किया गया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयती सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में हो रहे रसायनों के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभाव और मृदा के स्वास्थ को पुनः सुचारु बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। जयती सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण के समापन सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. एके दीक्षित, डॉ. रेखा तिवारी, डॉ. मौनी सिंह, डॉ. सविता कुमारी, केएस कैन, उपसंचालक कृषि यूएस तोमर एवं एनआरएलएम के जिला परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

### 5 सितंबर को 1114 शिक्षकों का होगा सम्मान

**उज्जैन।** जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा द्वारा आगामी शिक्षक दिवस 5 सितम्बर को हाई स्कूल एवं हाई सेकंडरी में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले जिले के 1114 शिक्षकों का सम्मान समारोह एवं मध्य प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल के द्वारा बाल अधिकार एवं पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन के संबंध में विभिन्न समितियों की बैठक सोमवार को ली गई।उल्लेखनीय है कि शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह कालिदास अकादमी भरतविशाला के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित किया जाएगा।बैठक में जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न समितियां जैसे स्वागत समिति, मंच व्यवस्था उद्घाटन समिति, प्रचार प्रसार समिति, अतिथि स्वागत समिति, दर्शक व्यवस्था समिति, भोजन व्यवस्था समिति ,लेखा समिति दैनिक प्रतिवेदन समिति ,आमंत्रण निमंत्रण समिति, आदि समितियों के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में सहायक संचालक महेंद्र खत्री एवं एडीपीसी गिरीश तिवारी द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने विषयक चर्चा की गई एवं संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा योजना अधिकारी संगीता श्रीवास्तव के द्वारा बताई गई। उक्त जानकारी सुभाष कुमावत एवं सहसंयोजक डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी ने दी।

### शांति समिति की बैठक आज

**उज्जैन।** एडीएम शाश्वत शर्मा ने जानकारी दी कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज मंगलवार 2 सितंबर को शाम 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम माधवनगर के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## मोहब्बत की दुकान बनाम मातृशक्ति के सम्मान पर भाजपा कांग्रेस का सियासी टकराव

### बिहार के मुद्दे पर उज्जैन में दोनों राजनीतिक दल हुए आमने-सामने, भाजपा बोले कांग्रेस ने पीएम की मां को गाली दी, कांग्रेस बोली, वोट चोरों गद्दी छोड़ो

**उज्जैन। शहर में सोमवार को कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। एक ओर भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी पर कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। वहीं कांग्रेसियों ने मोहब्बत की दुकान और वोट चोरों का प्रवेश वर्जित लिखे होर्डिंग के साथ डटकर विरोधियों का सामना किया। जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन की टीम भी सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर मौजूद रही।**



सोमवार की शाम 4 भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता चामुंडा माता चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां पर आधे घंटे तक कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करने के बाद रैली के तौर पर क्षीरसागर स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन पहुंचने लगे। रास्ते में मंदबुद्धि को समझाओ, राहुल गांधी का इलाज कराओ, जैसे नारे लगाए जा रहे थे और हाथ में बीजेपी के झंडे लहराते हुए भाजपाइयों ने राहुल गांधी से माफी मांगने की बात कही।

कांग्रेस भवन के बाहर जब दोनों राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता आपस में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। उसी वक्त बैरिकेट्स से निकलकर बीजेपी की एक नेत्री कांग्रेस के खेमे में चली गई। उसी दौरान काफी गहमागहमी चल रही थी लाठियां फटकारी जा रही थी। इसी दौरान बीजेपी के पार्षद व सिंधिया समर्थक भी कांग्रेस के खेमे में आ गए, इस दौरान कांग्रेसियों ने युद्ध के नियमों का पालन किया और कांग्रेस नेता और पार्षद को भीड़ से बचाते हुए अलग कर दिया। इधर कांग्रेस के तीन कार्यकर्ता भी घायल हुए।

बैरिकेट्स लांघ कर एक भाजपा नेत्री जब कांग्रेस के खेमे में आ गई तो इधर कांग्रेस ने भी नारेबाजी करते हुए भाजपा नेत्री के गले में कांग्रेस का दुपट्टा पहना दिया और वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे बाजी करते हुए बीजेपी की नेत्री को वापस भेजा। उज्जैन में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने खड़ी नजर आई। कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान के जरिए भाजपा को चुनौती दी, जबकि भाजपा ने मातृशक्ति का अपमान मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा की ओर से राजेंद्र भारती, प्रभुलाल जाटवा, कलावती यादव, प्रियंका सेंगर, हर्षवर्धन कुशवाह, सोनल जोशी, दिनेश जाटवा सहित महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### इधर कांग्रेस ने संभाला मोर्चा

कांग्रेस कार्यालय पर विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में करीब 200 कार्यकर्ता बेरिकेट पर डटे रहे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पहले से ही मोहब्बत की दुकान सजाई गई थी। परमार ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने नकारात्मक रवैया अपनाया और भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचने दिया, जबकि उन्हें एक चौराहे पहले ही रोका जाना चाहिए था। कांग्रेसियों ने डॉ. अंबेडकर और महात्मा गांधी व राहुल गांधी की तस्वीरें थामे नारे लगाए और कहा कि भाजपा को इन्हीं के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए।

#### आमने-सामने का युद्ध बीच में बैरिकेट्स

कांग्रेस कार्यालय क्षीर सागर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमिला यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किला लड़ाते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी को लेकर असम्मानजनक टिप्पणी की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री की माता का नहीं बल्कि देश की संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान है। अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर नेता सत्यनारायण पंवार, रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, देवव्रत यादव, चन्द्रभान सिंह चंदेल, नाना तिलकर आदि मौजूद रहे।

#### एक इंच भी बेरिकेट नहीं खिसका पाए भाजपाई

इधर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का विरोध करने कांग्रेस कार्यालय पहुंचे भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं को कांग्रेसियों ने मुहब्बत की दुकान दिखाई, होर्डिंगों पर लिखा वोट चोरों का प्रवेश प्रतिबंधित है। फिर भी भाजपाई बेरिकेट तोड़ने की कोशिश करते रहे, पौने दो घंटे तक कांग्रेस के करीब 200 कार्यकर्ता बेरिकेट पर डटे रहे और एक इंच भी बेरिकेट नहीं हटने दिया। पुलिस और प्रशासन ने भी भाजपाइयों को साथ दिया और उन्हें कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचने दिया जबकि उन्हें अगले चौराहे पर ही रोक देना चाहिए था।

## जितनी तुम्हारी तनख्वाह उतनी फीस वकील को देते हैं हम

### पुलिस के खिलाफ रील बनाने वाले का निकाला जुलूस

**उज्जैन।** सोशल मीडिया रील अपलोड कर पुलिस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने और कानून व्यवस्था को भंग करने वाले की गिरफ्त में आते ही हैकड़ी निकल गई। उसे सबक सिखाने के लिये जनता के बीच ले जाकर जुलूस निकाला गया।



नागदा थाना उपनिरीक्षक योगिता उपाध्याय ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हुई। जिसमें एक युवक खुद को हीरो बताते हुए पुलिस पर टिप्पणी कर रहा था। उसका कहना था कि जितनी तुम्हारी तनख्वाह नहीं है, उतनी फीस हम वकीलों को भर देते हैं। वह कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करते हुए भ्रामक प्रचार कर रहा था। सोशल मीडिया पर अपलोड रील पर पुलिस ने गंभीरता से संज्ञान लिया और वायरल करने वाले की पहचान कर तलाश शुरू की। रील बनाने वाला मयूर पिता रामजीलाल मकवाना निवासी सुभाष मार्ग नागदा होना सामने आया। पुलिस ने तलाश कर उसे हिरासत में लिया तो हैकड़ी निकल गई। वह पुलिस को देख माफी मांगने लगा। नागदा पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और पुलिस के खिलाफ टिप्पणी करने पर जनता के बीच सबक सिखाने के उद्देश्य से एमजी रोड होते हुए कन्या शाला तक उसका जुलूस निकाला। पुलिस का कहना था कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर समाज मे कानून का डर बनाये रखा जा सकता है। आमजन ने भी पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाना चाहिये।

## एमआईटी में दीक्षारंभ सत्र-नवप्रवेशितों विद्यार्थियों का किया स्वागत







**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में बी.टेक, बीबीए, बीसीए एवं एमबीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दस दिवसीय दीक्षारम्भ इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। समूह की विभिन्न इकाइयों में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक संसाधनों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना है।

एमआईटी में दीक्षारंभ का शुभारंभ डॉ. मुकेश शुक्ला (निदेशक, एमआईटी) के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने छात्रों को कैंपस की सभी सुविधाओं का उपयोग करने और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। आदित्य वशिष्ठ (सचिव, एमआईटी समूह) ने नवागंतुक छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा दीक्षारंभ केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों के जीवन का नया अध्याय है। मुख्य अतिथि अमित बोरकर (सीईओ, फ्यूचरिस्टिक्स) ने एआई के वैश्विक प्रभाव और आने वाले समय की तैयारी पर विचार साझा किए। इस अवसर पर एमआईपीएससी के निदेशक डॉ. एससी महाजन, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. केवी शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर. टीपीओ प्रो. अनुराग भदानिया, फर्स्ट इयर इन्चार्ज डॉ. वंदना शर्मा एवं डॉ. आनंद व्यास सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी करण वर्मा एवं स्नेहा शर्मा ने किया। मैनेजमेंट विभाग में बीबीए, बीसीए और एमबीए के छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राजवीर सिंह (निदेशक एवं वाइस-प्रेसिडेंट, रेल्सस इंडिया प्रा. लि.) ने अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा, कौशल विकास और मानवीय मूल्यों पर जोर दिया।आकाश वशिष्ठ ने नवप्रवेशित छात्रों को भविष्य की तैयारी में संस्थान की भूमिका से अवगत कराया। एमआईटीएम के दीक्षारंभ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. अमित यादव, रूपेश सावलिया और हंसराज बोस उपस्थित रहे।स्वागत भाषण आदित्य वशिष्ठ ने दिया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष प्रभारी प्रो. रीना जौहरी, प्रो. दीपाली केलकर, प्रो. कामाक्षी चौबे तथा स्टूडेंट सेक्शन इंचार्ज डॉ. दिलीप पांडे भी मौजूद रहे।

## आरक्षक के नाबालिग पुत्र को डरा धमकाकर वसूल डेढ़ लाख

### घर में चोरी करते पकड़ा तो खुला राज, पुलिस में दर्ज किया केस

**उज्जैन। नाबालिग को सिगरेट के कश लगता देख उसके दोस्त ने डरा धमका कर रुपए वसूलना शुरू कर दिया। ढाई साल तक पुलिस आरक्षक के पुत्र उसके ही दोस्त ने डेढ़ लाख का चूना लगा दिया। नाबालिग घर में चोरी करता पकड़ा तो पूरे मामले का राज खुला।मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।**

मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र की कृष्णा पार्क कालोनी का है। कक्षा छठवीं में अध्ययन कर रहे 13 साल का बालक भोपाल में पदस्थ पुलिस आरक्षक का पुत्र है।1 नवम्बर 2023 को उसे क्षेत्र के रहने वाले अपनी उम्र से 3 साल बड़े नाबालिग ने धूम्रपान करते देख लिया था। जिसके बाद नाबालिग ने उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया और परिवार को बताने की बात कहने लगा।बालक भयभीत हो गया, जिसका फायदा नाबालिग ने उठाया और रुपए वसूलना शुरू कर दिये। 22 माह से लगातार वह ब्लैकमेल कर रहा था।2 दिन पहले फिर से उसने बालक को धमकाया और रुपए मांगने लगा।रुपए नहीं होने बालक ने उसे देने के लिये अपने ही घर से कान की झुमकी चुरा ली, जिसका पता परिजनों को चला तो पूछताछ की। बालक ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाला उसे डरा-धमकाकर वसूली कर रहा है। उसने धूम्रपान करते देख लिया था।मामला सामने आने पर पता चला कि पिछले 22 माह में बालक उसे डेढ़ लाख रुपए दे चुका है। परिजन बालक को थाने लेकर पहुंचे। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि जांच के बाद रविवार को मामले में पैसे लेने और अपने ही घर में चोरी के लिये विवश करने का प्रकरण दर्ज किया गया है।रुपए वसूलने वाले नाबालिग से पूछताछ की जाएगी।

### अवंतिका ग्रुप गंगानगर ने गणेश जी की महाआरती

**उज्जैन।** अवंतिका ग्रुप गंगानगर द्वारा दस दिवसीय गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश जी की महाआरती का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाआरती करने के बाद प्रसादी का वितरण किया। ग्रुप के अध्यक्ष राहुल चोपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद विजय सिंह कुशवाह, पूर्व पार्षद अशोक सेन, विश्व हिंदू परिषद् की अनीता दीदी एवं विशेष अतिथि के रूप में विकास कार्परिया, आकाश चूरिया, राजा बडोनिया उपस्थित रहे।दस दिवसय गणेश चतुर्थी के अवसर पर बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के उद्देश्य बच्चों के लिए गेम्स का आयोजन भी किया है। प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के बच्चों को गेम्स खिलाया जा रहा है।जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे प्रतिदिन भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों को ग्रुप द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर पंकज ठाकुर, अभिषेक पांचाल, अभिषेक झारोलियाजी, जीवन ठाकुर, आजाद राठौर, रामस्वरूप भाया, कैलाश झलौरिया, राजेश परिहार, रवि सूर्यवंशी, रवि धौलपुरिया, मानसिंह ठाकुर, देवीलाल पांचाल, विक्रम सिसोदिया, शंकर गुर्जर, मनीष सोलंकी, अनिल सोलंकी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब गणेशोत्सव : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , डिप्टी कलेक्टर ने किया पूजन व आरती

**उज्जैन।** दस दिवसीय गणेशोतसव के अंतर्गत उज्जैन प्रेस क्लब तरणताल कोठी रोड प्रेस क्लब भवन पर गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के अंतर्गत स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल (आईपीएस), डिप्टी कलेक्टर महाकाल मंदिर उप प्रशासक सिम्मी यादव, जनसंपर्क अधिकारी अरुण राठौड़ के द्वारा पूजा अर्चना की जाकर महाआरती की गई।




तत्पश्चात प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा मोतियों की माला एवं महाकाल बाबा का अंग वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूजन व आरती के दौरान चार दर्जन से अधिक पत्रकार गण शामिल थे।

**गणेसोत्सव की धूम** शाम 6 से 12 बजे तक होते हैं दर्शन, सुरक्षा में बंदूकधारी से लेकर कैमरे

## उज्जैन में व्यापारियों ने 1 करोड़ के सोने-चांदी से सजाया गणेश पंडाल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** उज्जैन के पटनी बाजार स्थित सोने-चांदी की दुकानें वाले क्षेत्र में गणेश जी का अनूठा पांडाल बनाया गया है। इसे 1 करोड़ रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषणों से सजाया गया है। पंडाल में आभूषण शृंगार के दर्शन रोज शाम 6 से रात 12 बजे तक होते हैं। इसकी सुरक्षा में पुलिस के दो बंदूकधारी जवान तैनात रहते हैं तथा 34 सीसी टीवी कैमरे लगाए गए है। सराफा यूथ फेडरेशन के 100 व्यापारियों ने मिलकर इस अनूठे पंडाल को तैयार किया है। फेडरेशन अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने बताया गणेश उत्सव के अंतिम तीन दिन गणेश जी का 3 करोड़ के आभूषणों से शृंगार करने की तैयारी है। पंडाल में भगवान गणपति के लिए नोट गिनने की मशीन, बही-खाता, तौल कांटा, लैपटॉप से लेकर केलकुलेटर तक रखा जाता है। आभूषणों से भगवान का पंडाल दमक उठता है। व्यापारियों ने भगवान के पंडाल को सजाने के लिए बड़ी मात्रा में ज्वेलरी दी है। जिसमें सोने का हार, कड़े, कान के बाले, चेन सहित कई प्रकार के आभूषण शामिल हैं। रात में शयन आरती कर सभी ज्वेलरी व्यापारी निकाल कर सुरक्षित रखते हैं।



#### महाकाल को भक्तों ने 14 लाख रुपए कीमत के चांदी के आभूषण चढ़ाए



महाकाल मंदिर में भक्तों ने चांदी की कई सामग्रियां चढ़ाई जो कि श्रृंगार में काम आने वाली है। यह सामग्री 9682 ग्राम चांदी से बनी है। भक्त विपुल गुप्ता और सुशांत भल्ला ने मंदिर के पुजारी तुषार प्रदीप गुरु की प्रेरणा से यह सामग्री भेंट की है। जिसमें चांदी का एक मुकुट, एक छत्र, एक मुण्डमाला, एक त्रिपुंड शामिल हैं। इसके अलावा दो नागकुण्डल, तीन नेत्र और एक ओंकार भी अर्पित किए गए है। भक्तों ने 527 .600 ग्राम वजन की चांदी में मढ़ी हुई एक रुद्राक्ष माला भी भेंट की। इन सामग्री का वर्तमान में बाजार मूल्य लगभग 14 लाख रुपए बताया जा रहा है। मंदिर समिति की ओर से अधिकारी ने सामग्री प्राप्त कर नंदीहॉल में भक्तों का सम्मान किया।

#### इस्कॉन में अभिषेक ड्रायफ्रूट्स और मावे के पकवान अर्पित



भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व पर राधा रानी व मदन मोहन जी का पंडितों ने पंचामृत, फलों के रस से अभिषेक किया। ड्रायफ्रूट्स व मावे से बने पकवानों का भोग लगाया गया। भजनों पर भक्त झूमे। राधा-मदन मोहन जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। राधा जी के जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। इस्कॉन मंदिर उज्जैन के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि आरती, गुरु पूजा के बाद श्रीमद् चंद्रमौली स्वामी महाराज के प्रवचन हुए। फिर राधा मदन मोहन का अभिषेक कर जन्मोत्सव पर दोपहर में महाआरती की गई। गोशाला में गो पूजा भी हुई। भक्तों ने राधा जी के भजन गाए और नृत्य किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजन-अभिषेक के दौरान दर्शन का लाभ लिया।